## अवैध कोयला जब्त करने के फेर में

# एसआईएसएफ ने लांघी सीमा







### कोल माईंसों की सुरक्षा छोड़ एसआईएसएफ के जवानों ने दिखाई भाईगिरी

### तहसीलदार, एसडीएम के हस्ताक्षेप के बाद माने ग्रामीण

**कोल माईंसो से कोयला और कबाड़ चोरी रोकने में नाकाम एसआईएसएफ के जवान क्रेडिट के फेर में सीमा लांघ गांव पहुंच गये, दर्जन भर स्थानों से अवैध कोयला इक_ा किया और ग्रामीणों के साथ गन की नोक पर मारपीट की। पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज किया, लेकिन बिफरे ग्रामीणों के परिजनों ने एनएच कई घंटो तक जाम रखा और प्रशासन के आश्वासन के बाद रास्ते खोले गये।**

शहडोल। रविवार की सुबह एसईसीएल के सोहागपुर एरिया की विभिन्न माईंसो में सुरक्षा का जिम्मा सम्हाले एसआईएसएफ के कमाण्डर अलख सिंह अपनी टीम के साथ शासन द्वारा निर्धारित कार्य क्षेत्र से बाहर जाकर सोन नदी के विभिन्न तटों और शारदा खुली खदान के समीपी क्षेत्र से कोयला का अवैध उत्खनन करने वाले दर्जनों ग्रामीणों के द्वारा अवैध रूप से उत्खनन कर रखे गये कोयले को जब्त किया और इसकी सूचना अग्रिम कार्यवाही के लिए अमलाई पुलिस को दी। कोयला जब्त करने के दौरान अलख सिंह ने ग्रामीणों से मारपीट की और उनके जवानों ने कार्य क्षेत्र से बाहर ग्रामीणों के कनपटी पर सर्विस बंदूक तान दी। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि एसआईएसएफ के जवान इस दौरान वीडियो बना रहे थे और हाथ में कागज लेकर कुछ लोगों के नाम जबरिया बुलवाने का प्रयास कर रहे थे। मौके पर अमलाई पुलिस के पहुंचने के बाद पुलिस ने कोयला जब्त किया और आरोपियों को गिरफ्तार कर अमलाई थाने ले आई। कुछ ग्रामीणों का मेडिकल कराया गया, वहीं घटना के बाद उनके परिजन और अन्य ग्रामीण बड़ी संख्या में पहले थाने पहुंचे और सुनवाई न होने पर वापस लौटकर एनएच-43 पर चक्का जाम कर दिया। कलेक्टर व एसपी के निर्देश पर पुलिस बल व स्थानीय तहसीलदार, एसडीएम ने मौके पर जाकर जब समझाईश दी, तब कहीं दो घंटे बाद जाम खुल सका।

### सडक़ पर उतरे ग्रामीण

एसआईएसएफ ने दर्जन भर ग्रामीणों को कोयला चोरी करने के आरोप में कार्य क्षेत्र से बाहर जाकर पकडक़र पुलिस को सौंप दिया, अमलाई पुलिस ने आस-पास के कई ठीहों से लगभग 38 टन कोयला जब्त भी कर लिया, जिसके बाद गिरफ्तार किये गये ग्रामीणों के घरों की महिलाएं एवं अन्य ग्रामीण इस पूरी कार्यवाही के विरोध में सडक़ पर उतर आये, अभी से कुछ घंटे पहले उन्होंने एनएच-43 को पूरी तरह से जाम कर दिया है, जिससे सडक़ के दोनों किनारे कई किलोमीटर तक जाम की स्थिति निर्मित हो गई है। ग्रामीणों ने वाहनों को वापस मोडऩे तक का मौका नहीं दिया, जिस कारण कई वाहन आड़े-तिरछे होकर सडक़ पर फंस गये, स्थिति यह रही कि दो पहिया वाहन भी सडक़ से नहीं निकल पा रहे हैं, घटना की सूचना मिलने के तुरंत बाद अमलाई पुलिस मौके पर पहुंच गई है और ग्रामीणों को समझाईश दी जा रही है, अमलाई थाना प्रभारी जे.पी. शर्मा ने बताया कि ग्रामीणों का कहना है कि इस मामले में एसआईएसएफ के जवान जिन्होंने मारपीट की है, उनके खिलाफ भी मामला दर्ज किया जाये। फिलहाल थाना प्रभारी के द्वारा लगातार ग्रामीणों को समझाईश देकर एनएच-43 पर लगा जाम खुलने के लिए प्रयास किये जा रहे हैं।

### यह किया पुलिस-प्रशासन ने

अमलाई पुलिस ने इस मामले में गिरफ्तार किये गये 10 आरोपियों जिनमें मोहेलाल पाव, पिताम्बर पाव, संजय वासुदेव, रामप्रसाद पाव, मालिक राम पाव, जवाहर पाव, धनीराम पाव, भारत पाव, बिहारी लाल पाव सभी निवासी बटुरा, रतीराम पाव निवासी बलबहरा के खिलाफ आईपीसी की धारा 379, 4/21 खनिज अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई, थाना प्रभारी ने बताया कि अलग-अलग कई स्थानों से लगभग 38 टन कोयला संग्रहित कर अपने साधन से थाने लाया गया, जब्त किये गये कोयले की अनुमानित कीमत 3 लाख 4 हजार के आस-पास है। वहीं दोपहर के बाद पुलिस सूचना मिलने पर बटुरा ग्राम से गुजर रहे एनएच-43 हाईवे पर पहुंच गई, लेकिन बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं और पुरूष प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते नजर आये। पुलिस और बुढ़ार तहसीलदार भावना डेहेरिया, सोहागपुर एसडीएम अरविंद शाह आदि ने एसआईएसएफ के जवानों पर लगाये गये आरोपों की जांच और गिरफ्तार किये गये 10 ग्रामीणों के खिलाफ कार्यवाही में निष्पक्षता बरतने का आश्वान दिया।

### कार्य क्षेत्र से परे कार्यवाही

एसआईएसएफ के कमाण्डर अलख सिंह और उनके जवान जिस क्षेत्र में आधी रात जांच और कार्यवाही करने पहुंचे थे, उस क्षेत्र की जिम्मेदारी भारत सरकार ने उन्हें नहीं सौंपी है, खुद अलख सिंह ने चर्चा के दौरान बताया कि वह क्षेत्र उनके कार्यक्षेत्र से बाहर है, लेकिन उनके अधिनियम में यह उल्लेख है कि शिकायत मिलने पर मौके पर पहुंचे और संबंधित थाना क्षेत्र को इसकी जानकारी दें, वहीं ग्रामीणों का कहना था कि वर्दी में जो जवान आधी रात को आये थे, उन्होंने मारपीट की है, बटुरा ही नहीं बल्कि इससे सटे अनूपपुर जिले के चचाई थाना क्षेत्र के बकही और शहडोल के रामपुर, बिछिया के अलावा मुख्यालय के समीप सोहागपुर थाना क्षेत्र के नवलपुर, पटासी, बुढ़ार थाना क्षेत्र के जरवाही, चंगेरा, देवरी, धनगवां, खैरहा थाना क्षेत्र के विभिन्न माईंसो के साथ धनपुरी थाना क्षेत्र की बंद माईंस जहां 7 लोगों की मौत हुई थी आदि शहडोल जिले के आधा सैकड़ा स्थान हैं, जहां दशकों से ग्रामीण परिवारों की अजीविका कोयला उत्खनन कर स्थानीय घरों और ईंट भ_ो में बेचने पर टिकी हुई है। ऐसी स्थिति में एसआईएसएफ के जवान हमारे यहां सिर्फ गुण्डागर्दी करने और रूपया वसूलने की फिराक में आये थे, यदि उन्हें अधिकार हैं तो, शहडोल जिले के आधा सैकड़ा स्थानों और भारत देश के लाखों स्थानों पर खनिज का अवैध उत्खनन और चोरी के लाखों मामलों की शिकायत मिलने पर क्या अलख सिंह और उनकी टीम पहुंचेगी।

### इनका रहा योगदान

उक्त कार्यवाही पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक द्वारा लगातार अवैध खनिज रेत, कोयला के विरूद्ध अभियान चला कर कार्यवाही किए जाने के लिए निर्देशित किया गया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं एसडीओपी धनपुरी के मार्गदर्शन में उपरोक्त सफलतम कार्यवाही में थाना प्रभारी अमलाई जयप्रकाश नारायण शर्मा के कुशल नेतृत्व में सउनि करतार सिंह, प्रधान आरक्षक गणेश पाण्डेय, आरक्षक कृष्णानन्द यादव, हरिमोहन पाल, गुलाब सिंह का योगदान रहा।

## बच्चे देश के भविष्य हैं, इन्हें नियमित स्कूल भेजे: कमिश्नर

### कमिश्नर ने ग्राम बाजाकुण्ड में लगाई जन चौपाल

### ग्रामीणों से रूबरू होते हुए सुनी समस्या

उमारिया।



कमिश्नर बी.एस.जामोद ने करकेली जनपद पंचायत के ग्राम बाजाकुण्ड में जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना एवं समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया । जन चौपाल में ग्रामीणों ने पानी की समस्या होने , माह में एक बार राशन की दुकान खुलने, बिजली से संबंधित शिकायत की । कमिश्नर ने कहा कि ग्रामीणों को पानी की समस्या से निजात दिलाने के लिए उमरार डेम में इंटकवेल का निर्माण जल जीवन मिशन के तहत किया जा रहा है , जिससे 109 ग्रामो को इस योजना का लाभ मिल सकेगा , योजना में ग्राम बाजाकुण्ड भी शामिल है । इस परियोजना के पूर्ण हो जाने पर ग्रामीणों को पानी की समस्या से निजात मिल जायेगा। वर्तमान में पानी की समस्या से ग्रामीणों को निजात दिलाने के लिए बाजाकुण्ड, टगरा एवं गहिरा नाला के पास कुआ के गहरीकरण का कार्य किया जाएगा।

उन्होंने राशन की समस्या पर एस डी एम को मरदर की शासकीय उचित मूल्य की दुकान हर सप्ताह खुलवाने के निर्देश दिए , ताकि ग्रामीणो को समय पर राशन मिल सके । ग्रामीणों द्वारा नमक को दाल मे डालने पर दाल के काली हो जाने की बात कही गई । नमक की उपयोगिता बताते हुए कहा कमिश्नर ने कहा कि शासकीय उचित मूल्य की दुकान से मिलने वाला वन्या प्लस नमक डबल फोर्टिफाइड आयोडीन व ऑयरन युक्त है। जो हमारे शरीर के लिए उपयोगी है। इसका नियमित सेवन करे, इसका कोई साइड इफ़ेक्ट नही है । इस दौरान कमिश्नर ने ग्राम के सूर्य प्रकाश एवं सूरज से अध्यापन कार्य के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए उनसे पहाड़ा एवं गिनती की जानकारी प्राप्त की । सूर्य प्रकाश ने बताया कि वह ग्राम के प्राथमिक स्कूल में कक्षा 3 का छात्र है। सूरज ने बताया कि वह कक्षा 1 का छात्र है। जिस पर सूर्य प्रकाश के द्वारा 1 से लेकर 100 तक कि गिनती सुनाई गई। इस दौरान उन्होंने बच्चों से शिक्षको की स्कूल में नियमित उपस्थिति, मीनू के आधार पर भोजन मिलने के संबंध में पूछताछ की । आपने अभिभावको से कहा कि बच्चे देश के भविष्य है। उन्हें नियमित स्कूल भेजे । इसके साथ ही बच्चों से पढ़ाई के संबंध में अभिभावक समय समय पूछताछ करे एवं शिक्षको से भी मुलाकात कर बच्चों की पढ़ाई के स्तर की जानकारी प्राप्त करे । ग्राम के छोटे बच्चोंक आंगनबाड़ी में भेजे, ताकि उनका भी बौध्दिक विकास हो । जन चौपाल के पश्चात कमिश्नर, कलेक्टर सहित अन्य अधिकारियों ने ग्राम बाजाकुण्ड के कुआँ का भी अवलोकन किया एवं दिशा निर्देश दिए।

जन चौपाल को कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि ग्राम बाजाकुण्ड के ग्रामीणों की समस्याओ के निराकरण के लिए यह चौपाल आयोजित की गई है। ग्रामीणों ने जो भी शिकायत या आवेदन दिया है उसका समय रहते निराकरण किया जाएगा ताकि ग्रामीणों को परेशानी का सामना नही करना पड़े।

जन चौपाल में सीइओ जिला पंचायत अभय सिंह ओहरिया, एसडीएम बांधवगढ रीता डेहरिया, डिप्टी कलेक्टर मीनाक्षी इंगले , तहसीलदार बांधवगढ सतीष सोनी सहित विभिन्न विभागों के जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

## सहायक आयुक्त के बस्ते में सात वर्षों से घुट रहा आयुक्त का निर्देश

**शहडोल।** भ्रष्टाचार में गले तक डूबा शासन का आदिम जाति कल्याण विभाग शासकीय प्रावधानों का पालन करना शायद जरूरी नहीं समझता है। सहायक आयुक्त ट्रायबल जिले की स्कूलों और हॉस्टलों में शासन की गाइड लाइन के अनुरूप कार्य संचालित कराने की बजाय मनमाने ढंग से कार्य संचालित करा रहे हैं। यह विभाग कमीशनबाजी के लिए बहुचर्चित है। यही कारण है कि हॉस्टलों और आश्रमों में वर्षों से जमे अधीक्षक हटाए नहीं जाते हैं जबकि स्थानांतरण सूची लगभग हर साल जारी होती है। सितंबर 2017 में प्रदेश शासन आयुक्त जनजातिय कार्य विभाग दीपाली रस्तोगी ने सहायक आयुक्त को निर्देशित किया था कि तीन वर्षों की अवधि पूर्ण कर चुके अधीक्षक स्थानांतरित किये जाएं। लेकिन आज तक इस आदेश का पालन नहीं किया गया। ज्ञातव्य है कि जिले में ट्रायबल के हॉस्टल और आश्रमों की संख्या 100 से भी अधिक है। जहां 10-10, 15-15 वर्षों से अधीक्षक पदस्थ हैं। लेकिन उन्हे इधर-उधर नहीं किया जा रहा है।

**ऐसा दिया था आयुक्त ने आदेश**

हॉस्टलों में पदस्थ अधीक्षकों के संबंध में आयुक्त जनजातिय कार्य विभाग प्रदेश शासन ने इस आशय के निर्देश दिए थे कि अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्रावासों / आश्रमों में पदस्थ अधीक्षकों/ संविदा अधीक्षकों/ अन्य शिक्षक जो अधीक्षकों का कार्य कर रहे हैं उनको अधिकतम 3 वर्ष की अवधि के लिए ही पदस्थ किया जाए। इसके उपरांत उन्हे स्कूल/ शालाओं में वापस पदस्थ किया जाए और उसके बाद कम से कम 3 साल बाद ही उन्हे पुनः छात्रावासों में वापस किया जाए। उन्होने यह भी निर्देश दिए थे कि वर्तमान में अनुसूचित जाति / जनजाति/ पिछड़ा वर्ग अधीक्षकों की पदस्थापना के स्थान पर अनुसूचित जाति / जनजाति वर्ग के अधीक्षक या संविदा शिक्षक वर्ग 2 के शिक्षकों की ही पदस्थापना की जाए।

**वर्षों से जमे है एक ही जगह**

शासन के पूर्व में भी ऐसे ही प्रावधान थे, लेकिन सहायक आयुक्त ने कभी इस पर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया और इस प्रावधान का सरासर उल्लंघन होता रहा। जिले में ट्रायबल के 100 से भी अधिक हॉस्टल और आश्रम हैं अगर गहराई से छानबीन की जाए तो अधिकांश अधीक्षक 10-10, 15-15 वर्षों से एक ही जगह पदस्थ पाए जाएंगे। जब शासन का स्पष्ट आदेश है कि तीन साल से अधिक एक हॉस्टल में किसी अधीक्षक को नहीं रखा जाएगा तो फिर इतने वर्षों से अधीक्षकों का पाया क्यों नहीं हिल पा रहा है और कौन इसका सरपरस्त बना हुआ है। बताया जाता है कि सभी अधीक्षक साहब की जमकर सेवा करते हैं और उन्हे संतुष्ट रखकर अपना काम करते रहते हैं। साहब उन्हे हटाने की बजाय अभयदान देते रहते हैं।

**मीनू का पालन नहीं हो रहा**

अधिकांश हॉस्टल ऐसे हैं जहां शासन की गाइडलाइन के अनुरूप बच्चों के लिए भोजन की व्यवस्था नहीं की जा रही है।

## असफलता से न घबराएं, कड़ी मेहनत कर आगे बढ़ें: कलेक्टर

**शहडोल।** कलेक्टर तरुण भटनागर ने संभागीय मुख्यालय के शासकीय पुस्तकालय शहडोल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने पुस्तकालय में आए विद्यार्थियों से प्रतियोगी परीक्षा में सफल होने के लिए गुर सिखाए। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा की असफलता से घबराना नहीं चाहिए,कड़ी मेहनत करके आगे बढऩा चाइए। उन्होंने कहा कि लगातार संघर्ष करने से एक न एक दिन सफलता अवश्य मिलती है। कलेक्टर ने विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षा में हैंडराइटिंग, संक्षिप्त विवरण जैसे अन्य आवश्यक जानकारी से अवगत कराया तथा विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब भी दिया। कलेक्टर ने कहा कि पुस्तकालय में शासकीय अधिकारियों द्वारा मोटिवेशन प्रदान किया जाएगा।

कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए की पुस्तकालय में पढ़ाई के अलावा कोई भी बैठक न रखी जाए तथा छुट्टियों के दिन भी पुस्तकालय को खोलना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि पुस्तकालय के बगल में जर्जर भवन को गिराने की कार्यवाही करें। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पुस्तकालय में विद्यार्थियों के बैठने की व्यवस्था, पुस्तकें, अखबार, कंप्यूटर, जैसी अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराए। निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी फूल सिंह मरपाची, मुख्य नगर पालिका अधिकारी अक्षत बुंदेला, स्टेनो दुर्गा शंकर श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने सरफा डैम का किया निरीक्षण, पार्क को सौंदर्यीकरण करने के निर्देश







शहडोल।

कलेक्टर तरुण भटनागर ने जनपद पंचायत सोहागपुर के अंतर्गत ग्राम नवलपुर के सरफा डैम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने सरफा डैम में पानी के ठहराव, निकासी के संबंध में जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। कलेक्टर ने सरफा डैम पार्क का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए की पार्क को सौंदरीकरण तथा घासो की कटाई, लाइटिंग व्यवस्था, पौधारोपण जैसे अन्य कार्य कराना सुनिश्चित करें।

### सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का किया निरीक्षण

कलेक्टर ने संभागीय मुख्यालय के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण कार्य में प्रगति लाएं अन्यथा कार्य में प्रगति नहीं होने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के संबंध में अन्य आवश्यक जानकारी भी ली। निरीक्षण के दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी अक्षत बुंदेला, पीआईयू सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## बारिश से पूर्व सडक़ों का कार्य कराए पूर्णः कलेक्टर

**शहडोल।** कलेक्टर तरुण भटनागर ने संभागीय मुख्यालय की बुढार चौक, रीवा होटल के सडक़ मार्गों के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए की सडक़ निर्माण कार्य को बरसात के पूर्व पूर्ण कर लें, जिसे बरसात के समय परेशानियों का सामना न करना पड़े तथा सडक़ निर्माण कार्य के दौरान यह भी सुनिश्चित किया जाए की पानी का भराव न हो,पानी की निकासी बेहतर ढंग से हो सके । उन्होंने कहा कि सडक़ों में डिवाइडरों का कार्य अगस्त तक पूर्ण कर लें। निरीक्षण के दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी अक्षत बुंदेला सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### दुराचार के आरोपी पर इनाम घोषित

**उमरिया।** पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू ने थाना चंदिया के धारा 376(2) के आरोपी प्रभात सिंह मरावी पिता अमर सिंह मरावी निवासी ग्राम पतरेई थाना चंदिया पर 10 हजार रूपये का इनाम घोषित किया है। ईनाम वितरण के संबंध में पुलिस अधीक्षक का निर्णय अंतिम होगा ।

### 20 मई तक आईटीआई में प्रवेश के लिए पंजीयन

**उमरिया।** प्राचार्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था ने बताया कि आईटीआई उमरिया मे प्रवेश के लिए पंजीयन प्रारंभ हो गया है जो आगामी 20 मई तक चलेगा । जो विद्यार्थी 10 वीं पास हो गये है वे अपनी पसंद के 6 व्यवसाय कोपा, इलेक्ट्रीशियन , बेल्डर, फिटर, स्टेनो हिंदी, ड्राफ्ट मैन मैकेनिकल डीएमएम मे पास प्रवेश ले सकते है। सत्र 2024 के लिए उरिया जिले में संचालित 4 आईटीआई मे स्वीकृत 396 सीटो में प्रवेश के लिए काउंसलिंग प्रारंभ है। काउंसलिंग के चरण रजिस्ट्रेशन, च्वाईस फिलिंग है। प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन तथा च्वाईस फिलिंग करना अनिवार्य है। पास छात्र, छात्राओ हेतु छात्रवृत्ति सुविधा उपलब्ध है। रजिस्ट्रेशन उपरांत अपने नजदीकी आईटीआई में सपंर्क किया जा सकता है।

### डाक कर्मचारी संघ के द्विवार्षिक अधिवेशन का हुआ आयोजन



**शहडोल।** भारतीय डाक कर्मचारी संघ के द्विवार्षिक अधिवेशन का आयोजन भारत माता स्कूल में आर.पी.पांडेय की अध्यक्षता में किया गया। उक्त अधिवेशन मे बृजेश मिश्रा महामंत्री भारतीय मजदूर संघ, ख्यालीराम शर्मा जनरल सेक्रेटरी डाक कर्मचारी संघ पोस्टमैन, जुझार सिंह राजपूत प्रांतीय सचिव डाक कर्मचारी संघ, मुकेश विश्वकर्मा प्रांतीय सचिव डाक कर्मचारी संघ पोस्टमैन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अधिवेशन में डाक कर्मचारी संघ ग्रुप सी में ए.एल.प्रजापति डाकसहायक एमएमयू अध्यक्ष, आर.पी.पांडेय पोस्टमॉस्टर शहडोल सचिव चुने गए, पोस्टमैन संवर्ग में के.पी.सेन मेल ओवरसियर अध्यक्ष एवं निर्भय तिवारी सचिव चुने गए, इसी तरह ग्रामीण डाक सेवक से महेंद्र सिंह बघेल बीपीएम नवलपुर अध्यक्ष एवं विष्णु कुमार मिश्रा एबीपीएम राजनगर सचिव चुने गए। इसके साथ ही सभी संवर्ग में पदाधिकारियो का चयन किया गया।

### तालाबों की कराए साफ सफाई

**शहडोल।** कलेक्टर तरुण भटनागर ने संभागीय मुख्यालय के पांडव नगर स्थित अमृत सरोवर तालाब का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी को निर्देश दिए कि तालाबों की बेहतर साफ-सफाई कराए तथा तालाबों को एक आकर्षक लुक प्रदान करें। कलेक्टर ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को निर्देश दिए कि नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए वार्ड दरोगा दुकानों का भ्रमण करें और दुकानदारों को 7 दिवस के अंदर दुकानों में डस्टबिन रखने की समझाइश दें अन्यथा डस्टबिन न रखने की स्थिति में जुर्माने की कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि पन्नी के थोक विक्रेताओं को चिन्हित कर कार्यवाही करें। उन्होंने कहा की पॉलिथीन पर सामान विक्रय करने वाले दुकानदारों के विरुद्ध भी जुर्माने और जप्ती की कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए व्यापारियों की बैठक भी ले। निरीक्षण के दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी अक्षत बुंदेला सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### सूने मकान में लाखों रुपये की हुई चोरी

**शहडोल।** जिले में इन दिनो लगातार हो रही चोरी की वारदात बढ़ रहा है, नगर में एक रात में तीन घरों में चोरी किया गया है, हाफ पेंट में मुंह बांधकर कई चोर गिरोह जिला मुख्यालय के मिश्रा परिवार के सूने घर में लगभग 4 लाख रुपये का नगदी, सोने-चांदी के जेवर चोरी कर घटना को अंजाम दिया।

## खबर संक्षेप

### पूर्व कमिश्नर ने फुटबॉल खिलाड़ियों से मिलकर की चर्चा



**शहडोल।** संभाग के पूर्व कमिश्नर राजीव शर्मा ने संभागीय मुख्यालय शहडोल के रेलवे फुटबॉल मैदान में फुटबॉल खिलाडियों से मिलकर चर्चा की। चर्चा के दौरान पूर्व कमिश्नर ने कहा की फुटबॉल खिलाडियों को खेलते देख मैं बहुत खुश हूं , भारत देश के सभी बड़े अखबारों एवं बड़े-बड़े मैगजीन में यहां के खिलाड़ी के फोटोग्राफ्स एवं खिलाडियों की सराहना की गई है। उन्होंने कहा कि फुटबॉल खिलाडियों की जिम्मेदारी है फुटबॉल क्रांति को आगे बढ़ाने कि, यहां से ऐसे खिलाड़ी तैयार करें जो आगे राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार होकर इस देश का नाम रोशन करें। इस अवसर पर रेलवे स्कूल शहडोल की प्राचार्य प्रभा कुशवाहा ,आरपीएफ निरीक्षक मनीष कुमार रेलवे शहडोल, रईस अहमद सहायक संचालक खेल सहित अन्य फुटबॉल खिलाडी और कोच उपस्थित थे।

### बाल आयोग ने सामूहिक दुष्कर्म मामले पर लिया संज्ञान

**शहडोल।** जिले के कल्याणपुर में 6 मई की शाम नाबालिग स्कूली छात्रा के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म के मामले में राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (सीपीसीआर) ने स्वतः संज्ञान लिया है। आयोग के प्रधान निज सचिव धर्मेंद्र भंडारी ने पुलिस से सात बिंदुओं पर सात दिनों के अंदर जवाब मांगा है। 10 मई को जारी पत्र में आयोग ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि पीड़िता की पहचान को हर स्तर पर गोपनीय रखा जाए और अब तक की गई वैधानिक कार्रवाई से अवगत कराया जाए। मामला सामने आने के बाद पुलिस ने 8 मई को पांचों आरोपितों को रीवा और उमरिया से गिरफ्तार किया था। इसी दिन शाम को सभी के घरों के अवैध हिस्सों पर बुलडोजर चलवा दिया था।

### गबन के आरोपी सचिव को मिला अतरिक्त पंचायत का प्रभार



**कोतमा।** जनपद पंचायत कोतमा अंतर्गत पंचायत की योजना का दुरुपयोग करते हुए शासकीय राशि का गबन किए जाने के आरोपी सचिव को अतिरिक्त पंचायत का प्रभार भी जिला पंचायत के द्वारा सौंप दिया गया है। इसके साथ ही जिस पंचायत में वर्तमान में सचिव पदस्थ है उसे लगभग 15 किलोमीटर की दूरी पर स्थित पंचायत का प्रभार दिया गया है जिससे दोनों ही ग्राम पंचायत के कार्य प्रभावित होंगे।

**यह है मामला-** जिला पंचायत के द्वारा कोतमा जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत बहेराबांध में पदस्थ सचिव दिलीप कुमार शर्मा को ग्राम पंचायत निगवानी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है जबकि इन दोनों पंचायत की दूरी लगभग 15 किलोमीटर की है ऐसे में दोनों ही ग्राम पंचायत के कार्य अतिरिक्त प्रभार दिए जाने की वजह से प्रभावित होंगे। इसके साथ ही ग्राम पंचायत सचिव दिलीप शर्मा पर पूर्व में ग्राम पंचायत भाठाडांड में पदस्थ रहने के दौरान बीपीएल शौचालय, स्कूल शौचालय तथा ग्राम कोरया में पीसीसी रोड निर्माण में 1 लाख 80 हजार रुपए के अनियमित भुगतान तथा आहरण किए जाने को लेकर के न्यायालय अपर कलेक्टर विकास, मुख्य कार्यपालन अधिकारी विहित प्राधिकारी पंचायत , जिला पंचायत अनूपपुर के द्वारा की गई जांच में दोषी पाए जाने पर राशि वसूली का आदेश जारी किया गया था। इसके बावजूद सचिव को दोहरे पंचायत का प्रभार दे दिया गया है जबकि निगवानी के समीप ही कई पंचायत ऐसे हैं जहां के सचिव को यहां का प्रभार दिया जा सकता है और वह दोनों ही पंचायत का कार्य निर्वहन भी बेहतर तरीके से कर सकते हैं।

---

## उपयंत्री की सांठगांठ से चल रहा पूरा खेल

# मनरेगा में मशीनों का खुलकर उपयोग

**गिरूईखुर्द पंचायत में अमृत सरोवर में जेसीबी से हो रहा कार्य**



मनरेगा नियमों को ताक पर रखकर अमृत सरोवर निर्माण में मनरेगा मजदूरों के हक पर डाका डाला जा रहा है, मनरेगा मजदूरों को उम्मीद रहती है कि ग्राम पंचायतों में कार्य शुरू होंगे तो, उन्हें रोजगार मिलेगा, सत्ताधारी दल के नेताओं के संरक्षण में ग्राम पंचायत के सरपंच द्वारा श्रमिकों का हक मारा जा रहा है। सरपंच व सचिव ने मनमानी करते हुए जेसीबी से तालाब की खुदाई करवा दी। अगर यह काम श्रमिकों से करवाया जाता तो बड़ी संख्या में श्रमिकों को रोजगार मिल सकता था।

शहडोल

जिले के जयसिंहनगर जनपद की ग्राम पंचायत गिरूईखुर्द में 19 लाख 89 हजार की लागत से मनरेगा के तहत अमृत सरोवर का निर्माण किया जा रहा है, इस निर्माण में मानकों के साथ कायदों की भी खुलकर धज्जियां उड़ाई जा रही है, नियमानुसार मनरेगा के कार्य केवल श्रमिकों से ही करवाए जा सकते हैं । अगर कोई मशीनरी या जेसीबी का उपयोग कर श्रमिकों को रोजगार से वंचित करता है तो, उस पर कार्यवाही की जाती है। ग्राम पंचायत गिरूईखुर्द के उपसरपंच भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष सतिका तिवारी के पुत्र श्रमिकों का हक मारने के लिए नया तरीका इजाद कर बिना मस्टरोल निकाले जेसीबी से अमृत सरोवर की खुदाई करवा दी। अगर यह काम श्रमिकों से करवाया जाता तो बड़ी संख्या में श्रमिकों को रोजगार मिल सकता था। नियमानुसार मनरेगा के कार्य केवल श्रमिकों से ही करवाए जा सकते हैं । अगर कोई मशीनरी या जेसीबी का उपयोग कर श्रमिकों को रोजगार से वंचित करता है तो, उस पर कार्यवाही की जाती है।

### खुलकर कर रहे मनमानी

गिरूईखुर्द में देवहाई के पास अमृत सरोवर 19 लाख 89 हजार की लागत से निर्माण हो रहा है, उक्त निर्माण में प्राक्कलन की भी अनदेखी की जा रही है। मापदंड के आधार पर काम नहीं होने के बाद भी पंचायत को पूरा भुगतान होने पर जांच मनरेगा के मैदानी अमले से लेकर जनपद में बैठे मनरेगा के अधिकारी को करनी है, लगातार गिरूईखुर्द के जिम्मेदारों के द्वारा कायदों को रौंदते जेसीबी से मेढ़ बनाई जा रही है, ऐसा नहीं है कि इसकी जानकारी जनपद में बैठे जिम्मेदारों को नहीं है, उपयंत्री द्वारा मॉनिटरिंग न करने के चलते खुलकर मनमानी की जा रही है।

### तय है मापदण्ड

अमृत सरोवर के लिए केन्द्र सरकार ने दो मापदण्ड तय किया है, जिस गांव में इसका निर्माण किया जाना है, वहां कम से कम एक एकड़ शासकीय भूमि होना जरूरी है। ऐसी जगह पर इसका निर्माण करना है, जहां बारिश के पानी को आसानी के साथ संचय किया जा सके, रिमोट सेसिंग से भी बारिश के पानी को संचय किया जाना है। आस-पास के क्षेत्रों में भरे पानी को छोटी नाली या फिर पंप के जरिए अमृत सरोवर में लाया जायेगा। एक एकड़ में बनने वाले तालाब में 10 हजार घन मीटर पानी का भराव होगा, लेकिन गिरूईखुर्द ग्राम पंचायत में हुए अमृत सरोवर में स्टीमेट से हटकर निर्माण होने के चलते जिला स्तरीय दल गठित कर जांच होनी चाहिए, जिससे यह स्पष्ट हो कि भ्रष्टाचार के आरोपों में कितनी सत्यता है।

### खामियों का भंडार

गिरूईखुर्द ग्राम पंचायत में बन रहे अमृत सरोवर में तकनीकी खामियों का अंबार लगा है, बंड निर्माण से लेकर टॉप तक जमकर धांधली की गई है। तकनीकी गुणवत्ता का कहीं ध्यान नहीं रखा गया है। एक-एक फिट में काम्पेक्ट करने का प्रावधान है, ताकि मिट्टी नही फटे, लेकिन यहां ऐसा कुछ नहीं किया गया है, कायदों के अनुसार मनरेगा के तहत हो रहे निर्माण में जेसीबी का उपयोग नहीं हो सकता, लेकिन खुलकर पंचायत के जिम्मेदार नियमों को रौंद रहे हैं।

### मेढ़ बंधान की मॉनिटरिंग नहीं

लाखों रूपये व्यय मेढ़ बंधान में किया गया है, लेकिन इस कार्य की किसी सक्षम अधिकारी ने कभी भी मॉनीटरिंग नहीं की, उपयंत्री की शह पर मनमाने ढंग से कार्य कर मेढ़ बंधान का एक ढांचा खड़ा कर दिया, लेकिन इस ढांचे में कितनी जान है, यह देखने जांचने की जरूरत उपयंत्री ने भी नहीं समझा, उपयंत्री से जब इस प्रकरण के संबंध में संपर्क करने का प्रयास किया जाता है तो, वह बचते नजर आते हैं, स्थानीय लोगों की माने तो उपयंत्री के पदस्थापना वाली पंचायतों की अगर जांच हुई तो, कई और भ्रष्टाचार के मामले सामने आ सकते हैं।

### इनका कहना है...

मामला संज्ञान में नहीं है, जेसीबी का अगर उपयोग हो रहा है तो, गलत है। जल्द ही मामले को दिखवाया जायेगा।

अशोक मरावी
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत, जयसिंहनगर

---

## श्री रावतपुरा सरकार इंस्टीट्यूट आफ नर्सिंग ने मनाया विश्व नर्सेस डे



**शहडोल।** परम पूज्य महाराज श्री रावतपुरा सरकार के आशीर्वाद से श्री रावतपुरा सरकार इंस्टीट्यूट आफ नर्सिंग शहडोल में धूमधाम से मनाया गया, विश्व नर्सेज डे का कार्यक्रम विश्व पटल पर प्रतिवर्ष 12 मई को त्याग, सेवा और समर्पण की प्रतिमूर्ति मानव समाज के लिए भगवान का अवतार नर्स जो पूरी साल हम लोग की सेवा करती हैं, उनके लिए 12 में का डेट एक विशेष होता है, क्योंकि इस दिन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनकी सेवा को सम्मान दिया जाता है, विश्व नर्सेज डे मना कर इसी क्रम में हमारी संस्था रावतपुरा नर्सिंग कॉलेज में भी इस दिवस पर अनेको कार्यक्रम का आयोजन संस्था स्तर पर किया गया। सुबह 10 बजे से लेकर 01 बजे के बीच एमएससी नर्सिंग बीएससी नर्सिंग जीएनएम नर्सिंग एवं पीवी बीएससी नर्सिंग के छात्रों के बीच एक क्विज कंपटीशन कराया गया एवं विजेता को सर्टिफिकेट दिए गए, इसके पश्चात पोस्टर प्रेजेंटेशन कार्यक्रम एवं रंगोली का कार्यक्रम रखा गया, इन में सभी विजेताओं को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में द्वितीय पाली 1:30 से 4:30 तक आयोजित की गई, जिसमें कॉलेज की अध्ययनरत छात्रों के द्वारा रंगारंग साहित्यिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देकर नर्सिंग के महत्व के बारे में बताया। एक नर्स का जीवन कितना संघर्षमय होता है, कैसे वो मरीजों के बीच अपना जीवन आगे बढ़ती हैं एवं मरीज को मानसिक और शारीरिक रूप से मजबूत करती हैं, मेडिकल साइंस की कल्पना बिना नर्सिंग स्टाफ के करना अपने आप को धोखा देना साबित होगा, यह सारी बातें संस्थान के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी दीपक सिंह सेंगर के द्वारा अपने उद्घोष में रखी गई, प्रिंसिपल सुश्री आकांक्षा बाघे के द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया, कार्यक्रम में सहभागिता टीचरों द्वारा निभाई गई, सुश्री सरोन्न सैमुअल, अनामिका सिंह, अफसाना खान,सोनम शर्मा, प्रिया पटेल हर्षिता नन्द, समीक्षा आमटे, प्रियंका गुप्ता, पूजा परस्ते अस्मिता पाठक ललिता कुशवाहा, आरती सिंह,शांति सिंह, दिलीप बर्मन एवं अविनाश तिवारी ने अपनी सहभागिता निभाई।

---

## मुश्किलों भरी थी जर्जर सड़क की आवाजाही

# झूलापुल रोड का कायाकल्प करने 4 करोड़ स्वीकृत

शहडोल।

नगरीय आवाजाही में सुविधा बढ़ाने नगरपालिका ने बस्तियों की कुछ ऐसी सडक़ों का नवीनीकरण करने का निर्णय लिया है जो अपेक्षाकृत अधिकतम व्यस्त रहतीं हैं। इनमें झूलापुल से पुलिस लाइन बाणगंगा तक सडक़ का जीर्णोद्धार व नवीनीकरण कराए जाने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए 4 करोड़ का बजट स्वीकृत किया गया है। सडक़ निर्माण के साथ संभवतः झूलापुल का जीर्णोद्धार भी शामिल है। ज्ञातव्य है कि उपेक्षाओं के कारण

झूला पुल पिछले कई वर्षों से अविरत जर्जर होता जा रहा है और दुर्घटना को दावत दे रहा है, इसके जीर्णोद्धार की मांग भी की जाती रही है लेकिन नगरपालिका टालमटोल करती रही है। सडक़ के बन जाने से आवाजाही में सहूलियत होगी। यह सडक़ लगभग एक दशक से भी अधिक समय बदहाली का शिकार है और इसमें आवाजाही भी काफी अधिक होती है।

### बजट के लिए की मशक्कत

बताया गया कि सडक़ नवीनीकरण के लिए 4 करोड़ का जो बजट स्वीकृत हुआ है उसके लिए नगरपालिका परिषद द्वारा पिछले कई वर्षों से लगातार प्रयास किया जाता रहा है। बीच में सीवर लाइन के लिए सडक़ें खोदी जाने के कारण सडक़ निर्माण की प्रक्रिया शिथिल कर दी गई थी। अब पुनः नगरपालिका ने इस सडक़ का निर्माण कराया जाना जरूरी समझा और उसके लिए बजट प्राप्त किया है। नगरपालिका चौक से सीधे पुलिस लाइन और घरौला मुहल्ला को जोडऩे वाली यह मुख्य सडक़ है जिस पर लगभग चौबीसो घंटे आवाजाही चलती रहती है।

### सडक़ पर खाईनुमा गड्ढे

इस सडक़ पर अत्यधिक आवाजाही होने के कारण यह सडक़ दिनोदिन बदहाल होती गई और इस पर बड़े बड़े गड्ढे निकल आए हैं। सडक़ के दोनो किनारे कट गए हैं और वाहन हिचकोले खाते हुए निकलते हैं। मामूली सी बरसात में भी यहां कीचड़ पानी का फैलाव इतना अधिक हो जाता है कि लोगों का आनाजाना भी कठिन हो जाता है। बाइक सवार आए दिन गिर कर चोटिल हो रहे हैं। हालांकि नगरपालिका ने रखरखाव के नाम पर कई बार जिंदड़ी लगाई लेकिन उससे कोई खास फर्क नही पड़ा। नगरपालिका का घटिया पैच वर्क दो चार दिन से अधिक नहीं चला।



### भारी वाहन दौड़ रहे

इस सडक़ के जीर्ण शीर्ण होने का सबसे बड़ा कारण यह है कि इस सडक़ पर सबसे अधिक रेत और गिट्टियों से लदे मिनी ट्रकों की आवाजाही है। दिनभर सुबह से लेकर देर शाम तक ऐसे वाहन इस सडक़ पर चलते दिखाई पड़ते हैं। यही नहीं भारी भरकम मिक्सर मशीने, जेसीबी आदि सब इसी रास्ते पर दौड़ते दिखाई पड़ते हैं। इस कारण भी इस सडक़ की हालत जर्जर हुई है। जबकि इस मार्ग पर झूला पुल होने के कारण केवल छोटे वाहनों के लिए आने जाने की व्यवस्था की गई थी। लेकिन रोकटोक के बिना अब बड़े वाहन भी दौड़ते नजर आते हैं।

### नवीनीकरण का यह स्वरूप

सडक़ के नवीनीकरण प्रक्रिया अंतर्गत पहले गड्ढों और पटरी की भराई कराई जाएगी और फिर सडक़ की चौड़ाई बढ़ाई जाएगी। इसी प्रक्रिया में अगर कहीं नाली की समस्या है तो उसे भी दुरुस्त किया जाएगा। इस मार्ग की चौड़ाई बढ़ाना और लोगों द्वारा किया गया अतिक्रमण हटाना बहुत आवश्यक है। आधे से अधिक सडक़ों पर यहां के संभ्रात नागरिकों ने कब्जा कर रखा है। इसी कब्जे के कारण भी सडक़ में पानी का भराव होता है।

### इनका कहना है

झूला पुल रोड का कार्य आचार संहित समाप्त होते ही चालू कर दिया जाएगा। इसके टेण्डर की प्रक्रिया की जा रही है।

**घनश्याम जयसवाल**
चेयरमैन
नगरपालिका शहडोल

---

## 5 बिस्तरों में सिमटा 50 बिस्तरा रेलवे अस्पताल

# मुख्य चिकित्सा निदेशक से महामंत्री की हुई चर्चा

**शहडोल।** एक समय में शहडोल इंडोर चिकित्सालय में 50 बेड की व्यवस्था रहती थी जहां पर की लगभग 5000 रेल कर्मचारी एवं उनका परिवार चिकित्सा का लाभ प्राप्त करते थे लेकिन अब चिकित्सकों और स्टाफ के अभाव और रेल प्रशासन की उदासीनता के कारण सुविधाएं धीरे-धीरे घटते हुए अस्पताल 5 बिस्तर तक पहुंच गया और सिर्फ हेल्थ क्लीनिक बनकर रह गया है। इस आशय की जानकारी मनोज बेहरा महामंत्री दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे श्रमिक यूनियन एवं उनके साथ मौजूद रहे प्रतिनिधि मंडल ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे चिकित्सा विभाग के प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशक बिलासपुर रविंद्र शर्मा एवं नवागंतुक मंडल चिकित्सा अधिकारी शहडोल डॉक्टर कुणाल जैन को दी।



### स्वागत व अभिनंदन

महामंत्री श्री बेहरा और उनके प्रतिनिधि मण्डल ने बिलासपुर से शहडोल रेलवे अस्पताल आए मुख्य चिकित्सा निदेशक व मण्डल चिकित्सा अधिकारी को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया और उनका हार्दिक अभिनंदन किया। उन्हे समस्याओं से अवगत कराते हुए श्री बेहरा ने कहा कि आज रेलवे चिकित्सालय शहडोल के विकास की जरूरत है। बिलासपुर से आए अधिकारियों ने रेलवे अस्पताल का भ्रमण कर उसका जायजा लिया।

### विशेषज्ञ डाक्टरों की हो नियुक्ति

प्रतिनिधि मंडल द्वारा मांग की गई कि शहडोल में विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति की जाए। सभी प्रकार की दवाइयों का पर्याप्त भंडार रहे, इंप्रेस्ट मनी को 50,000से बढ़ाकर 100,000 किया जाए। जिससे चिकित्सालय में दवाई ना होने पर मरीजों को बाजार से दवाई प्राप्त हो सके। साथ ही एक्स-रे, एमआरआई, सिटी स्केन एवं पैथोलॉजी के लिए प्राइवेट संस्थाओं से अनुबंध किया जाए। जिससे कर्मचारियों को बेहतर इलाज हो सके। जिसके उपरांत मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉक्टर रविंद्र शर्मा ने पूरी बातों को गंभीरता पूर्वक सुना और उसे जल्द से जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मंडल में विशेष रूप से ए.के मोहंती, पी श्रीनिवास राव, रवि शाह, लक्ष्मण दास तोमर एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

---

## सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म में शिकायत के साथ पूर्ण ब्यौरा दें कलेक्टर की नई पहल

शहडोल।



जनमानस को इंटरनेट सायबर के अपराधों से राहत प्रदान करने के लिए कलेक्टर तरुण भटनागर ने कहा है कि कलेक्टर शहडोल के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक,ट्विटर, इंस्टाग्राम में जब भी कोई कमेंट, शिकायत और सुझाव दें तो उसे व्यवस्थित और पूरी जानकारी के साथ दिया जाये। ताकि उस पर आगे की कार्यवाही के लिए सबंधितों को निराकरण के निर्देश दिए जा सकें तथा कॉमेंट में फोन नंबर अवश्य दर्ज करें जिससे संपर्क स्थापित किया जा सके। जिला कलेक्टर और उनकी टीम लगातार कमेंट, सुझाव इत्यादि को ध्यान से देख व पढ़ रहे हैं तथा इन पर यथोचित कार्यवाहियाँ करने के लिए सम्बंधितों को निर्देश भी दिए जा रहे हैं। कलेक्टर के इन प्रयासों की जहां सराहना की जा रही है वहीं सीएम हेल्पलाइन की फजीहत को भी याद किया जाता है।

### सीएम हेल्पलाइन को भी व्यवस्थित करें

सीएम हेल्प लाइन भी नागरिकों को राहत प्रदान करने के लिए शुरू की गई थी, लेकिन आज उसका स्वरूप बदलता जा रहा है। फरियादी के साथ न्याय बरतने की बजाय, उस पर शिकायत बंद कराने का दबाव डाला जाता है या फिर उसे भ्रामक जानकारियां देकर बहलाया जाता है। कलेक्टर ने जनहित में जिस तरह सोशल मीडिया के मामलों की मॉनीटरिंग करने की पहल की है वह सराहनीय है और इसी तरह उनके द्वारा सीएम हेल्प लाइन को भी व्यवस्थित किया जाए।

---

## पुष्पराज हुआ घर से लापता, थाने में हुई शिकायत

**कोतमा।** थाना अंतर्गत नवा टोला पकरिहा पंचम चौधरी ने 12 अप्रैल को थाने में शिकायत दर्ज करवाया कि उसका 19 वर्षीय पुत्र पुष्पराज चौधरी 10 अप्रैल की सुबह 10:00 बजे घर से बिना बताए कहीं चला गया है काफी खोजबीन के बाद कहीं पता नहीं चला। शिकायत पर पुलिस ने गुम इंसान का मामला कायम करते हुए मामले को जांच में लिया।

---

# नगर में चोरी एवं लूट की घटनाएं हुई आम, लगातार बढ़ते जा रहे अपराध

**कोतमा।** नगर में चोरी एवं लूट की घटनाएं आम हो चुकी है। नगर में चोरियां सहित अन्य प्रकार के अपराध लगातार बढ़ते ही जा रहे हैं। आलम यह है कि कहीं दुकानों के ताले टूट रहे हैं तो कहीं मोटर साइकिल चोरी हो रही हैं। ज्यादातर चोरी के मामलों में तो पुलिस प्रकरण ही दर्ज नहीं करती, करती भी है तो वह फाइलों में दफन होकर रह जाती है। पहले रात के अंधेरे में होने वाली चोरी अब दिनदहाड़े होने लगी है बदमाशों में पुलिस का खौफ नहीं रह गया नतीजा थाने के सामने ही लूट की घटना होने लगीं है। 2 दिन पूर्व नगर के वार्ड क्रमांक एक फिल्टर मोहल्ला से घर के सामने से दिन दहाड़े मोटर साइकिल चोरी की वारदात घटित हो गई लेकिन पुलिस अभी तक मात्र चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना करने की बात कर रही है। नगर के वार्ड क्रमांक एक फिल्टर मोहल्ला निवासी पंचम प्रजापति के घर में मरवाही छत्तीसगढ़ से उनके रिश्तेदार सुशेन प्रजापति गुरुवार को घर में आया था और घर के अंदर बैठा था बाहर अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 6994 को शाम लगभग 5:30 बजे लाक करके खड़ी किया था उसके बाद लगभग 7 बजे बाहर आकर देखा तो वहां पर उसकी मोटरसाइकिल नहीं खडी थी। आसपास खोजबीन करने के बाद भी कहीं पता नहीं चला उसके बाद उसने मोटरसाइकिल चोरी होने की रिपोर्ट थाने में दर्ज करवाई। पुलिस ने अज्ञात चोर के विरुद्ध धारा 379 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना करने की बात कर रही है। पुलिस अभी तक पूर्व की चोरियों कभी खुलता करने में नाकाम साबित हो रही है।लूट की घटना शाम 7 बजे के आसपास की है जहां एक ओर थाने में शांति समिति की बैठक चल रही थी वही दूसरी ओर वार्ड क्रमांक 8 निवासी अमन पटेल 19 वर्ष पिता रवि भान पटेल जो कि अपने मोबाइल फोन से बात करते हुए अपने दोस्त के घर जा रहा था पीछे स्कूल की ओर से आते हुए बाइक सवार दो से तीन लुटेरे द्वारा मोबाइल को लूटते हुए फरार हो गए। लूट की घटना के बाद युवक के द्वारा तत्काल थाने में हल्ला मचाया जिसके बाद पुलिस आरक्षक द्वारा कुछ दूर तक जाकर पता तलाश किया और खाली हाथ वापस आ गए। मामले में फुटेज की छानबीन की गई साथ ही साइबर को मोबाइल से संबंधित जानकारियां देकर आरोपियों की तलाश में जुट गई है। चोरी गए मोबाईल आई फोन 11 कीमत 40 हजार बताई जा रही है। उसके बाद दूसरे दिन फिर दो मोबाइल लूट की घटना नगर में घटी हुई लेकिन पुलिस आज तक उस मामले का भी खुलासा करने में नाकाम साबित हुई। गौरतलब है कि वर्तमान में चोरों के हौसले दिनों दिन बुलंद होते जा रहे हैं जो मौका पाते ही चोरी एवं लूट के घटनाएं करने से नहीं चूकते कुछ दिनों पूर्व ही शिक्षक सुधीर सक्सेना के घर लाखों रुपए के गहने की चोरी हुई थी जिसका भी पर्दाफाश अभी नहीं हो सका उक्त घटना के बाद से पीड़ति परिवार सदमे में है जिसके द्वारा एडीजी एवं मंत्री तक अपनी फरियाद लगा चुका लेकिन आज तक किसी प्रकार से चोरों का सुराग नहीं लग सका। इसी प्रकार बाजार क्षेत्र में संचालित शारदा मंदिर में भी चोरों ने रात को ताला तोड़ते हुए मूर्ति में लगी सोने एवं चांदी की गहने व बर्तन चोरी कर ले गए। इसी तरह नगर के पंचायती मंदिर के सामने अशोक जैन की कपड़ा दुकान में 1 साल में दो बार दुकान का छप्पर तोड़कर अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया लेकिन उस पर भी पुलिस आज तक चोरों का पता लगाने में नाकाम साबित हुई। लगातार हो रही चोरी को लेकर नगर के व्यापारियों में भय का वातावरण निर्मित है लोगों ने पुलिस के उच्च अधिकारियों से चोरी पर रोक लगाने की मांग की गई है।

## खबर संक्षेप




### राहगीरों को पिला रहे शीतल जल, 14 वर्षों से कर रहे कम्बीर निशुल्क सेवा

बुढ़ार। गर्मी की बढ़ती हुई तपन को देखते हुए हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कम्बीर धुरयानी रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म क्रमांक एक पर राहगीरों एवं यात्रियों को शीतल जल पिलाने की व्यवस्था कर प्रतिदिन हजारों लीटर पानी निशुल्क सेवा कर लोगों की कंठ की प्यास बुझा रहे हैं। कम्बीर धुरयानी ने बताया कि मेरे पिता जी पहले किराना दुकान के सामने कई मटकों को रखकर गर्मीयों के समय में आने जाने वाले को पानी पिलाया करते थे उनके न रहने के बाद उनकी प्रेरणा एवं आशीर्वाद के स्वरूप में भी विगत 14 वर्षों से जैसे गर्मी बढ़ती है तो मैं तीन महीने प्याऊ खोलकर ठंडे पानी की व्यवस्था कर राहगीरों एवं यात्रियों की निशुल्क सेवा कर रहे हैं।

### योजना के प्रगति की जानकारी भेजने के कलेक्टर ने दिए निर्देश

उमरिया। विशेष पिछडी जन जाति समूह के संर्वागीण विकास हेतु पीएम जन मन अभियान का सतत रूप से क्रियान्वयन किया जा रहा है। विषेष पिछडी जन जाति समूह ग्रामों में गरीब कल्याण योजना हेतु जिले को 343 ग्रामों मे 1803 का तथा उज्जवला योजना मे भी उक्त ग्रामों में 80 का लक्ष्य प्राप्त हुआ है । कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने जिला खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी को कार्य की प्रगति से अवगत कराने के निर्देष दिए है।

### पाली में संचालित किया गया स्वच्छता पखवाडा

उमरिया। कमिश्नर बी.एस.जामोद द्वारा संभाग के नगरीय निकायों में स्वच्छता पखवाड़े का अयोजन किये जाने के निर्देश दिए है, जिसके परिपालन में नगर पालिका परिषद पाली के वार्ड क्रमांक 14 प्रसंस्करण इकाई में साफ सफाई एवं वार्ड 12,13 बुधवारी बाजार , वार्ड नं 10 में नाली, सडक़ पर साफ सफाई ,एवम कीटनाशक का छिडक़ाव कराया गया। साथ ही सभी तालाब ,घाट, दूरस्थ क्षेत्रों में साफ़ सफाई की जा रही है। नागरिकों को नगर को स्वच्छ बनाने के लिए जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। नगर के तिराहे को स्वच्छ एवम सुंदर बनाने हेतू योजना बनाकर कार्य किया जा रहा है। फ्लेक्स बैनर, एवम कचरा गाड़ी के माध्यम से लोगो को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

### खुले बोरवेल की सूचना देने पर मिलेगा एक हजार का ईनाम

रीवा। जिले भर में अभियान चलाकर अनुपयोग और खुले बोरवेल बंद कराए जा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में जनपद पंचायत तथा पीएचई विभाग एवं शहरी क्षेत्रों में नगरीय निकाय बोरवेलों का सर्वेक्षण कर रहे हैं। अनुपयोगी तथा खुले बोरवेलों को बंद कराया जा रहा है। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि आपदा प्रबंधन के लिए जिले में हेल्पलाइन नम्बर पर खुले बोरवेल, नलकूप एवं ट्यूबवेल के संबंध में जानकारी दी जा सकती है। इसका मोबाइल नम्बर 7648862100 है। इस पर खुले बोरवेल की फोटो अथवा वीडियो सहित सूचना देने वाले को एक हजार रुपए का ईनाम दिया जाएगा। साथ ही बोरवेल के मालिक के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करके कार्यवाही की जाएगी। जिला प्रबंधक लोक सेवा केन्द्र रविकांत पाण्डेय को इस कार्य के लिए नोडल नियुक्त किया गया है।

### राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक 16 मई

रीवा। राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक 16 मई को प्रातः 11 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गयी है। बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिमा पाल नामांतरण, बटवारा, सीमांकन तथा अन्य राजस्व प्रकरणों की तहसीलवार समीक्षा करेंगी। बैठक में कानून व्यवस्था की स्थिति, मतगणना की तैयारी, समर्थन मूल्य में गेंहू उपार्जन, पेयजल व्यवस्था तथा अनुपयोगी बोर बेल बंद करने की भी समीक्षा की जायेगी। सभी राजस्व अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिये गये हैं।

## नहीं थम रहा अमलाई थाना क्षेत्र में अवैध उत्खनन

# सोन नदी के किनारे से जप्त किया गया 40 टन अवैध कोयला

**अमलाई थाना क्षेत्र अंतर्गत शहडोल और अनूपपुर जिले की सीमा में सोन नदी के किनारे ग्रामीणों द्वारा खोदे जा रहे अवैध कोयले के खिलाफ बड़ी कार्यवाही की गई है। शहडोल पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक के निर्देशन में अमलाई थाना प्रभारी जेपी शर्मा और उनके स्टाफ ने बड़ी कार्यवाही की है।**





अमलाई।

पुलिस ने अलग-अलग कई स्थानों से खोदे जा रहे लगभग 40 टन कोयले को जप्त किया है, जिसकी कीमत लगभग 2 लाख बताई जा रही है,स्थानीय लोगों के वाहनों से पुलिस ने कोयले को थाने में ले जाकर रखा है और गिरफ्तार किए गए 10 लोगों के खिलाफ कार्यवाही की गई। गिरफ्तार किए गए सभी स्थानीय ग्रामीण मजदूर और गरीब वर्ग से है जो बड़े कोल माफियाओं के इशारे पर यहां से कोयला खोद कर उन्हें और क्षेत्र के होटल और ईंट भट्टो जैसे जगहों पर कोयले का विक्रय किया करते है एसईसीएल किं सुरक्षा सी आई एस एफ की टीम जो स्थानीय कोल माइंस में सुरक्षा के दृष्टिकोण से काम करती है वह यहां पहुंची थी और उन्हीं की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची, शहडोल पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर की गई बड़ी कार्यवाही के बाद क्षेत्रीय ग्रामीण अंचल में हड़कंप की स्थिति निर्मित है, पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अवैध रूप से किया जा रहा है कोई भी कार्य जिसे कानून वैधता नहीं देता उसे पर पनपने नहीं दिया जाएगा।

बता दे कि अमलाई थाना क्षेत्र में इस समय कोयले का अवैध उत्खनन हावी है क्षेत्र के बटुरा, टिकरी टोला, और रुंगटा नाला के समीप कोयले का उत्खनन किया जा रहा है हाल ही में अमलाई थाना द्वारा टिकरी टोला से भी अवैध कोयला जप्त की गई थी किन्तु कार्यवाहियों के बाद भी यह कारोबार थमने का नाम नही ले रहा है बात दे कि अमलाई थाना क्षेत्र में कई दशकों से अवैध उत्खनन का कारोबार बड़े माफियाओं के इशारे पर चल रहा है जो पुलिस की कार्यवाही के बाद कुछ दिनों के लिए शांत होता है और पुनः संचालित होने लगता है किन्तु उन बड़े सरगनाओं तक प्रशासन के हाथ नही पहुंच पाते है। बताया जाता है कोल माफिया ग्रामीणों के माध्यम से यहां अवैध उत्खनन को अंजाम दे रहे है जिन पर पूर्व पुलिस अधीक्षक अवधेश गोश्वामी द्वारा भी कार्यवाही की जा चुकी है। जिसके बाद यह कारोबार एक समय के लिए यहां से समाप्त हो गया था। किंतु अब पुनः चालू हो गया। यहां से से निकलने वाले अवैध कोयला सरगनाओं का तगड़ा लिंक है जिसमे खादी का चोला ओढ़े कारोबारी भी है। सूत्र बताते है कि रुंगटा में नरगड़ा नाला के आसपास जेसीबी से अवैध उत्खनन किया जा रहा है जिसमे खादी का चोला ओढ़कर कोल माफिया रुंगटा की भूमि से खनिज संपदा का दोहन कर रहा है। यही हाल बटुरा और टिकरी टोला का भी है जहाँ अवैध उत्खनन के लिए जेसीबी का उपयोग होता है किंतु बड़े सरगनाओं तक खाकी नही पहुंच पा रही है। यहां से निकलने वाला अवैध कोयला जिला को पार करते हुए उमरिया और कटनी जैसे जगहों पर भी पहुंचता है।



## संभाग स्तरीय शतंरज प्रतियोगिता में आस्था ने प्रथम स्थान अर्जित कर बनी विजेता

बुढ़ार।

महाराजा पैलेस में संभाग स्तरीय आयोजित चेस एवं शतंरज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बुढार नगर के निवासी राकेश नामदेव की पुत्री आस्था नामदेव ने हिस्सा लेकर शतंरज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अर्जित कर बनी विजेता जिन्हें पुर्व भाजपा अध्यक्ष अनुपम अनुराग अवस्थी एवं जिला वैश्य समाज के मनोज गुप्ता के द्वारा नगद, प्रमाणपत्र, ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर आस्था नामदेव ने कहा कि खेल चाहें कोई भी हो उसमें सफलता हासिल करने के लिए आत्म विश्वास होना चाहिए किसी भी सफलता पाने के लिए मेहनत एवं दिमाग को लगाने में सच्ची निष्ठा होनी चाहिए।

## धूमधाम से मनाया गया कटकोना में भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर्व, विधिः विधान से की गई पूजा अर्चना

बुढ़ार।

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम कटकोना में पंडित विश्वनाथ त्रिपाठी के घर में भगवान परशुराम एवं कालों के काल महाकाल बाबा भोलेनाथ का रुद्राभिषेक कर भगवान परशुराम जी की पूजा अर्चना करते हुए हवन किया गया तथा विप्र बांधों को भोजन प्रसाद वितरण किया गया।

ग्राम कटकोना विगत कई वर्षो से पंडित विश्वनाथ त्रिपाठी के निवास पर यह कार्यक्रम होता है और आसपास के सैकड़ो की संख्या में बिप्र बंधुओ द्वारा भगवान परशुराम की पूजा में पहुंचकर बाबा परशुराम की पूजा अर्चना करते हैं और प्रसाद ग्रहण करते हैं कार्यक्रम में मुख्य रूप से आचार्य प्रदीप शर्मा द्वारा भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक एवं बाबा परशुराम की पूजा पंडित राहुल त्रिपाठी द्वारा कराई गई इसके बाद सभी विप्र बंधुओ ने बाबा की पूजा । भगवान विष्णु के छठवें अवतार भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव



कार्यक्रम में मुख्य रूप से पंडित राहुल त्रिपाठी ,पं.रोहित त्रिपाठी ,पं.नारायण प्रसाद शर्मा, ,पं.रामदीन शर्मा ,पं.विश्वनाथ त्रिपाठी ,पं. प्रभाकर तिवारी उप सरपंच संगठन महासमिति संचालक,पं. अखिलेश कुमार शर्मा पत्रकार, पं.चंद्रिका प्रसाद शर्मा, पं.राजेंद्र शर्मा ,पं.वासुदेव शर्मा ,पं.इंद्रमणि त्रिपाठी, पं.राजेश शर्मा ,पं.अभिषेक शर्मा , पं.रुद्राक्ष त्रिपाठी, पं.जय शर्मा, पं.गगन शर्मा, पं.नरेश अवस्थी ,पं.राजकुमार पांडे ,पं. नमो पांडे पं.यश शर्मा पं. सुग्रीव शर्मा ,पं.रामनारायण शर्मा,पं.सुशील त्रिपाठी, पं.रविकांत त्रिपाठी ,पं.रूपेश त्रिपाठी ,पं.रितेश त्रिपाठी ,पं.प्रबल शर्मा ,आचार्य पं.प्रदीप शर्मा ,पं.चंद्र प्रकाश शर्मा ,पं.विजय कुमार पांडे,पं.प्रभात शर्मा पं.कृष्णा शर्मा ,पं.राहुल त्रिपाठी ने बताया कि भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक कर भगवान परशुराम की पूजा अर्चना हवन कर भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें विप्र बंधुओ ने प्रसाद ग्रहण कर जय परशुराम जय जय बाबा परशुराम के नारे लगाये ।

## गेहूं उपार्जन के लिये किसान बुक कर सकते हैं अपने स्लॉट

रीवा

किसानों को उनकी उपज का अधिकतम दाम देने के लिए शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर फसल का उपार्जन किया जाता है। पंजीकृत किसानों से जिले के निर्धारित खरीदी केन्द्रों में गेंहू का उपार्जन प्रारंभ कर दिया गया है। जिले भर में सहकारी समितियों के माध्यम से नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा गेंहू की खरीद की जा रही है। गेंहू उपार्जन के लिए किसान तत्काल अपनी सुविधा के अनुसा स्लॉट बुक करने कर सकते हैं। गेंहू उपार्जन की अंतिम तिथि 20 मई है।

इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि इस वर्ष किसानों को गेंहू खरीद के लिए एसएमएस नहीं भेजा जाएगा। किसान गेंहू के बिक्री का दिनांक तथा समय एमपी ई उपार्जन डॉट एनआईसी डॉट इन पोर्टल पर स्वयं बुक कर सकते हैं। किसान सबसे पहले ई उपार्जन पोर्टल पर उपार्जन की लिंक क्लिक करें। इसमें स्लॉट बुकिंग का विकल्प

**गेंहू उपार्जन की अंतिम तिथि 20 मई**

दिखेगा। किसान अपना पंजीयन कोड दर्ज करें। कोड दर्ज करने पर पंजीकृत मोबाइल नम्बर पर ओटीपी प्राप्त होगा। ओटीपी दर्ज करने के बाद किसान तहसील, उपार्जन केन्द्र तथा उपज बिक्री का दिनांक दर्ज करें। इसके बाद स्लॉट बुक पर सबमिट करें। पोर्टल पर पंजीकृत किसान द्वारा बुक किए गए स्लॉट की जानकारी प्रदर्शित होगी। इसका प्रिंट निकाला जा सकता है। कलेक्टर ने बताया कि किसान अपने पंजीकृत एन्ड्रॉयड फोन, लोक सेवा केन्द्र, ग्राम पंचायत, एमपी ऑनलाइन के कियोस्क सेंटर, उपार्जन केन्द्र तथा इंटरनेट कैफे का उपयोग कर गेंहू उपार्जन के लिए स्लॉट बुक कर सकते हैं। किसान प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से दोपहर एक बजे तक तथा दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे के बीच स्लॉट बुक कर सकते हैं। गेंहू का उपार्जन प्रत्येक सप्ताह सोमवार से शुक्रवार तक किया जाएगा। किसान द्वारा बुक किए गए स्लॉट की वैधता तीन कार्य दिवस की होगी। जिस तहसील में किसान की भूमि है उस तहसील के किसी भी खरीदी केन्द्र में अपना गेंहू बेच सकते हैं।

## संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर मिला महिला का शव, हत्या या साधारण मौत जांच में लगी पुलिस

रीवा।

जिले के गढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत शनिवार कोलहा गांव मे शाम घर के अंदर वृद्ध महिला की लाश मिलने से हड़कंप मच गया। मिली जानकारी के अनुसार पड़ोस में रहने वाले लोगों जब भैंस की जोर-जोर चिल्लाने की आवाज सुन कर घर के पास गए । घर के बाहर से आवाज करने के बाद भी घर से कोई



बाहर नही निकला घर के अंदर से बहुत तेज बदबू आ रही थी। तब पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर देखा की घर का दरवाजा खुला हुआ था अंदर रूपबती द्विवेदी पति स्वर्गीय रामनरेश द्विवेदी 70 वर्ष मृत अवस्था में मिली। शव से बदबू आ रही थी।तो जब आशंका है कि महिला की मृत्यु 24 घंटे पहले हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि शुक्रवार की शाम महिला को घर के बाहर देखा गया था। शनिवार को महिला नहीं दिखी। बताया गया कि महिला के तीन लड़के है जो बाहर रहते है। ग्रामीणों ने महिला के मायके पक्ष के लोगों को सूचना दी जिसके बाद त्योथर के अमाव से वो पहुंच गए। मृतिका की बेटी शोभा तिवारी ने कहा कि मेरा मां की हत्या की गई है आसपास रहने वाले पड़ोसियों से विवाद चल रहा था। उन्होंने पहले भी आशंका जताई थी कि उनकी हत्या हो जाएगी। पुलिस ने महिला के शव को शव परीक्षण के लिए अस्पताल भेजा गया ।वही रविवार को एफएसएल टीम को मौके का निरीक्षण किया है महिला की मौत कैसे हुई इसकी जानकारी पोस्टमार्टम के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।फिलहाल घटना के संबंध पुलिस जांच कर रही है। महिला की मौत कैसे और किन परिस्थितियों में हुई इसके कारण पीएम रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

### इनका कहना है

रात्रि में सूचना प्राप्त हुई थी एक महिला घर के अंदर मृत अवस्था में पड़ी हुई है मौके पर जाकर देखा गया महिला घर के अंदर मृत अवस्था में मिली परिजनों को सूचना देने के बाद मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया गया है विवेचना के उपरांत जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके हिसाब से कार्रवाई की जाएगी ।

**विकास कपीस**
**गढ़ थाना प्रभारी रीवा ।**

## श्याम शाह मेडिकल कॉलेज में शुरू होने जा रहे नए कोर्स, छात्रों को मिलेगा लाभ

**जिले के श्याम शाह मेडिकल कॉलेज में दो नए कोर्स जल्द शुरू होने वाला है।अभि तक प्राइवेट कॉलेजों में ही यह कोर्स संचालित हो रहे थे। अब जल्द ही श्याम शाह मेडिकल कॉलेज में भी इन दो नए कोर्स की की शुरुआत की जाएगी।**

रीवा ।

मिली जानकारी के अनुसार श्याम शाह मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस के अलावा भी कई और व्यावसायिक पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। श्याम शाह मेडिकल कॉलेज के अलावा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल से भी कई पाठ्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। सैकड़ों छात्र इन कोर्स में प्रवेश लेकर पढ़ाई कर रहे हैं। डिप्लोमा और डिग्री दोनों तरह के पाठ्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। यहां पर छात्रों को पैरामेडिकल कोर्स के जरिए टेक्नीशियन के रूप में तैयार किया जाता है। इतना ही नहीं यहां से पढ़ाई करने वाले छात्रों को नौकरी भी मिल जाती है। कई छात्र यहीं पर पढ़ाई करने के बाद संजय गांधी अस्पताल में ही सेवाएं दे रहे हैं। वर्तमान में संचालित पैरामेडिकल कोर्स की संख्या में और भी इजाफा होने वाला है। दो कोर्स और नए शुरू करने की तैयारी है। वर्तमान समय में इनका संचालन मेडिकल कॉलेज में नहीं होता है। इसके लिए छात्रों को प्राइवेट कॉलेजों में प्रवेश लेना पड़ता है। इन दो नए कोर्स में रोजगार की संभावनाएं भी ज्यादा हैं। मेडिकल कॉलेज में बैचलर ऑफ फिजियोथैरेपी, बैचलर ऑफ ऑडियोमेट्री कोर्स अब तक संचालित नहीं थे। इसके लिए छात्रों को प्राइवेट कॉलेजों में या फिर बाहर जाकर प्रवेश लेना पड़ रहा था। दोनों ही कोर्स की वर्तमान समय में ज्यादा डिमांड है। ऐसे में इन दो कोर्स के शुरू होने से छात्रों के सामने रोजगार की संभावनाएं ज्यादा बढ़ जाएंगी। फीजियोथैरेपी के लिए लोग ज्यादा परेशान होते हैं। लकवा जैसे बीमारी में फीजियोथैरेपी को ज्यादा महत्व दिया जाता है। एक्सीडेंट व अन्य सर्वाइकल, न्यूरो से जुड़ी बीमारियों में फीजियोथैरेपी की डिमांड ज्यादा रहती है। फीजियोथैरेपिस्ट रीवा में कम है। ऐसे में यह कोर्स इस कमी को पूरा करने में मदद कर सकेगा।

### मारपीट का रिपोर्ट करने आए फरियादी को चाकघाट थाना प्रभारी ने धमकाया

रीवा। चाकघाट थाना प्रभारी आए दिन किसी न किसी कारण वश सुर्खियों में रहती है हाल में ही एक सोशल मीडिया में ऑडियो वायरल हो रहा है जिसमें थाना प्रभारी उषा सिंह सोमवंशी ने नेता की ऐसी की तैसी सहित फरियादी को जूता मारने अमर्यादित शब्दो का किया प्रयोग करती हुई सुनाई दे रही है। थाना क्षेत्र के पड़री गांव का है। चाचा और भतीजे में विवाद हो जिसके बाद भतीजे अभय द्विवेदी ने रिपोर्ट करने थाना आए पर दो दिन तक थाना पुलिस चक्कर लगवाती रही फिर तीसरे दिन खुद थाना प्रभारी उषा सिंह सोमवंशी ने फरियादी को फोन लगा कर धमकाया और जूता मारने की धमकी दी और पीड़ित की रिपोर्ट नही दर्ज की गई। जिसके बाद पूरी घटना का आडियो वायरल हो रहा है। वही पूरे मामले पर फरियादी ने त्यौंथर एसडीओपी कार्यालय पहुंचकर थाना प्रभारी के प्रति आवेदन दिया साथ ही पीड़ित ने कहा थाना प्रभारी के द्वारा जूता मारने वाले शब्दों आहत हू वरिष्ठ अधिकारियों से थाना प्रभारी पर कार्यवाही की मांग करता।

खबर संक्षेप

## स्कूल के प्यून के रूप में शव की हुई शिनाख्त



**कोतमा।** पुलिस थाना भालूमाड़ा अंतर्गत ग्राम पंचायत धुरवासिन के खर्राटोला सोन नदी के समीप एक अज्ञात व्यक्ति का शव ग्रामीणों द्वारा देखा गया इसके बाद ग्रामीणों द्वारा 100 डायल को जानकारी दी गई जहां मौके पर हंड्रेड डायल पहुंचकर मृतक के पहचान में जुटी हुई थी जहां मृतक का नाम प्रेमलाल प्रजापति 58 वर्ष पिता भीखम प्रजापति निवासी ग्राम मुर्रा के रूप में हुई है जो हायर सेकेंडरी स्कूल अमगवां में प्यून के पद पर पदस्थ थे जिन्हें पैरालिसिस की शिकायत थी उक्त व्यक्ति अचेत अवस्था में पड़ा हुआ था जिसे ग्रामीणों ने देखा और तुरंत 100 डायल को इसकी जानकारी दी जहां मौके पर हंड्रेड डायल पहुंचकर मृतक के पहचान में जुटी हुई थीए ग्रामीणों ने बताया मृतक व्यक्ति छोटी एक्सेल गाड़ी में था जिसमें बैसाखी भी बंधा हुआ है जिससे ऐसा प्रतीत हो रहा है कि वह चल फिर नहीं पाते थे। पैरालिसिस होने की वजह से उन्हें चलने में कठिनाई होने की बात भी बताई गईए मृत्यु के कारण अभी स्पष्ट नहीं हुई है फिलहाल पुलिस मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेजा है और अग्रिम जांच कार्यवाही कर रही।

## नगर परिषद अध्यक्ष उमंग ने किया स्वच्छता अभियान का निरीक्षण

**जैतहरी।** स्वच्छता पखवाड़ा अभियान अंतर्गत नगर परिषद अध्यक्ष उमंग अनिल गुप्ताए मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र सिंह एवं कर्मचारियों द्वारा लगातार नगर परिषद जैतहरी के सभी वार्डों का भ्रमण कर साफ सफाई के लिए लगातार अथक प्रयास किया जा रहे हैंए स्वच्छता पखवाड़ा के तहत नगर के सभी वार्डों में सफाई कर्मचारियों द्वारा नालियों की सफाईए कीटनाशक दवाओं का नियमित छिड़काव किया जा रहा हैए अध्यक्ष उमंग गुप्ता ने नागरिको से आग्रह कर कहा है कि गीलाए सूखा कचरा अलग अलग डस्टबिन में रखने तथा अपने.अपने वार्ड को स्वच्छ रखने में नगर परिषद का सहयोग करेंए अध्यक्ष द्वारा मौके पर पहुंचकर मुक्तिधाम स्वच्छता अभियान का निरीक्षण किया गयाए स्वच्छता पखवाड़ा के अलावा भी हमेशा नागरिकों को अपने.अपने वार्ड आसपास क्षेत्र में सफाई का विशेष ध्यान रखना आवश्यक हैए जिससे मच्छरोंए गंदगीए दुर्गंध से होने वाली बीमारियों से छुटकारा मिल सकेए यदि किसी भी नागरिक को सफाई कार्य में परिषद के कर्मचारियों का सहयोग नहीं मिल रहा हो समस्या उत्पन्न होती है तो तत्काल अपने वार्ड पार्षद या नगर परिषद अध्यक्षए नपा अधिकारी से संपर्क कर सकते हैंए जिससे कभी भी तत्काल सफाई कार्य कराया जा सकेए इस स्वच्छता पखवाड़ा अभियान में नगर के हर नागरिक को सहयोग कर एक जिम्मेदार नागरिक की भूमिका अदा करना चाहिएए हर वार्डवासी का सहयोग आवश्यक हैए जिससे नगर को सुंदरए स्वच्छ बनाया जा सकेए इस अवसर पर सभापति कैलाश मरावी एवं पाषर्दगढ़ए नपाधिकारी भूपेंद्र सिंहए स्वच्छता प्रभारी संजीव राठौर परिषद के कर्मचारी आम नागरिक बड़ी संख्या में शामिल रहे।

## 13 एवं 14 मई को विद्युत आपूर्ति रहेगी अवरूद्ध

**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड अनूपपुर के अधीक्षण अभियंता ;संचाण्ध्संधाण्द्ध ने बताया है कि उप संभाग अनूपपुर एवं उप संभाग राजेन्द्रग्राम के विद्युत लाइनों का अति आवश्यक मानसून पूर्व मेंटेनेंस कार्य किया जाना हैए जिसके कारण इन विद्युत लाइनों में विद्युत प्रवाह अवरूद्ध रहेगा। उन्होंने बताया है कि 13 मई 2024 को प्रातरू 7 बजे से दोपहर 2 बजे तक उप संभाग अनूपपुर के 11 केण्व्हीण बम्हनी न्यू फीडरए 11 केण्व्हीण पिपरिया फीडरए 11 केण्व्हीण पोंड़ी फीडरए 11 केण्व्हीण सिवनी फीडर तथा 11 केण्व्हीण मेड़ियारास फीडर से जुड़े समस्त विद्युत उपभोक्ताओं के यहां विद्युत आपूर्ति अवरूद्ध रहेगी।

### स्वीमिंग पूल में नाबालिग बालक की डूबने से हुई मृत्यु के मामले में गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज

# वाटर पार्क मालिक एवं मैनेजर गिरफ्तार










अनूपपुर। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक शहडोल जोन डीण्सीण सागर ;भाण्पुण्सेण्द्ध द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर इसरार मन्सूरी एवं पुलिस बल के साथ थाना कोतवाली अनूपपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत सकरा के जमुड़ी अंतर्गत सर एण्ड फन सिटी वाटर पार्क में कल शनिवार को दोपहर स्विमिंग पूल में बुढार निवासी 17 वर्षीय नाबालिग बालक शुभम प्रजापति के डूबकर मृत्यु के मामले में घटनास्थल का स्वयं मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया गया एवं स्थानीय चक्षुदर्शी साक्षियो से पूछताछ उपरांत वाटर पार्क के मालिक एवं मैनेजर के विरूद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही के निर्देश दिये जाने पर थाना कोतवाली अनूपपुर में सर रिसोर्ट एण्ड फन सिटी वाटर पार्क के मालिक मोण रईस खान पिता इसहाक मोहम्मद उम्र करीब 54 वर्ष निवासी वार्ड नण 12 चंदास टोला अनूपपुर एवं मैनेजर अंसार मोहम्मद उर्फ मुन्ना पिता निसार मोहम्मद उम्र 50 वर्ष निवासी वार्ड नण 12 चंदासटोला अनूपपुर के विरूद्ध गैरइरादतन हत्या का आपराधिक प्रकरण अपराध क्रमांक 269ध्2024 धारा 304ए 34 भाण्दण्विण पंजीबद्ध किया जाकर तत्परता पूर्वक दोनो आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि शनिवार 11 मई को दोपहर करीब 02ण्00 बजे नाबालिग बालक शुभम प्रजापति पिता शिवप्रसाद प्रजापति उम्र करीब 17 वर्ष निवासी बुढार जिला शहडोल अपने मित्रो आयुष यादवए यश लंहगीरए आदित्य कोरीए नीलेश कोरी के साथ कार से अनूपपुर जिले में अमरकंटक रोड पर ग्राम जमुड़ी में बने सर रिसोर्ट एण्ड फन सिटी वाटर पार्क पहुंचेंए जहां प्रत्येक व्यक्ति 150 रुपए की टिकिट कटाकर अंदर जाकर स्विमिंग पूल में चले गये जहां पहले से ही बड़ी संख्या में करीब 150.200 लोग मौजूद थे। कुछ देर बाद अचानक शुभम प्रजापति अपने मित्रो को नहीं मिलने पर हो हल्ला हुआ और थोड़ी देर बाद स्विमिंग पूल के पानी में शुभम प्रजापति अचेतन अवस्था में मिला जिसे तुरंत उठाकर जिला अस्पताल ले जाने पर डाक्टर द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक अनूपपुर जितेन्द्र सिहं पंवार ;भाण्पुण्सेण्द्ध एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर इसरार मन्सूरी एवं एसण्डीण्ओण्पीण अनूपपुर सुमित केरकेट्टा के निर्देशन में टीण आईण कोतवाली अरविन्द जैनए उपनिरीक्षक संजय खलखोए सण्उण्निण सुखीनंद यादवए सण्उण्निण हरपाल सिहंए प्रण्आरण 150 राजेश कंवरए प्रण्आरण 29 शेख रसीदए प्रधान आरक्षक भानु प्रताप एवं आरक्षक 402 कमलेश रैदास एवं आरक्षक ओम प्रकाश द्वारा जिला अस्पताल अनूपपुर पहुंचकर मृतक की शव पंचनामा उपरांत पीण्एमण कराकर मर्ग जांच की गयी एवं शोकाकुल मृतक के पिता शिव प्रसाद प्रजापति को आश्वस्त किया गया कि पुलिस द्वारा शीघ्र ही जांच पर वैधानिक कठोर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस द्वारा तत्काल वाटर पार्क को सीलबंद किया गया। सम्पूर्ण मर्ग जाँच पर पाया गया कि सर रिसोर्ट एण्ड फन सिटी वाटर पार्क के मालिक रईस खान एवं मैनेजर मुन्ना उर्फ अंसार खान के द्वारा वाटर पार्क निर्माण के लिए किसी भी संबंधित विभाग से कोई अनुमति नहीं ली गयी थी।

हाल ही में बड़ी संख्या में 150 रुपए की प्रवेश टिकिट की राशि ली जाकर बड़ी संख्या में लोगो को वाटर पार्क एवं स्विमिंग पूल में सुरक्षा नियमो की अनदेखी कर प्रवेश दिया जाता था। जिन्होंने अपने स्विमिंग पूल और वाटर पार्क में पानी में डूबने से बचा ने के लिए कोई भी तैराक नहीं लगाया थाए स्विमिंग पूल में अंदर जाने वालों को लाइफ सेविंग जैकेट नहीं दी गई थीए डूबने से बचने के लिए स्विमिंग ट्यूब भी उपलब्ध नहीं कराई गई थीए जहां पानी करीब 8 फीट गहरा और डूबने की संभावना थी वहां कोई सावधानी वाला सूचना बोर्ड एवं संकेत भी नहीं लगाया गया थाए गहरी होने वाले स्थान पर कहीं कोई रस्सी या डोरी नहीं बांधी गई थीए मौके पर कोई भी मेडिकल सुविधा जैसे ऑक्सीजन मास्क और ऑक्सीजन सिलेंडर भी नहीं था। ‹सर रिसोर्ट एण्ड फन सिटी ;स्वीमिंग पुल एवं वाटर पार्कद्ध का मालिक रईस खान पिता इसहाक खान निवासी सर लगन पैलेस अनूपपुर एवं मैनेजर मुन्ना भाईजान उर्फ अंसार खान के द्वारा यह बात भली भांती जानते समझते हुए की करीब 8 फुट की गहराई के पानी भरे हुए जान की जोखिम वाले स्विमिंग पुल और वाटर पार्क में उक्त सभी सुरक्षा और सुविधाओ के बगैर किसी भी व्यक्ति की पानी में डूबने से मृत्यु हो सकती हैए उसके बाद भी आज बड़ी संख्या में एक साथ 150.200 लोगो को स्वीमिंग पुल और वाटर पार्क से कमाई करने के लिए फीस लेकर अंदर गहरे पानी में जाने दिया।

पुलिस जाँच में पाया गया कि वाटर पार्क के मालिक रईस खान एवम् मैनेजर मुन्ना उर्फ अंसार खान का कृत्य ऐसा था कि वह जानता था कि 8 फुट गहराई वाले स्वीमिंग पुल में डूबने से किसी की भी जान जा सकती हैए तब भी उसके द्वारा किसी भी सुरक्षा मानदंड का पालन न करते हुए संबंधित विभागो से अनुमति लिये बगैर आर्थिक लाभ कमाने के लिये यह जानते हुए की यह कृत्य आपराधिक मानव वध की श्रेणी में आता हैए जानबूझकर किया जा रहा था जिससे शुभम प्रजापति की मृत्यु होना पाई गई। जो थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 269ध्2024 धारा 304ए34 भाण्दण्विण पंजीबद्ध किया जाकर आरोपी मोण रईस खान पिता इसहाक मोहम्मद उम्र करीब 54 वर्ष निवासी वार्ड नण 12 चंदासटोला अनूपपुर एवं अंसार मोहम्मद उर्फ मुन्ना पिता निसार मोहम्मद उम्र 50 वर्ष निवासी वार्ड नण 12 चंदासटोला अनूपपुर को गिरफ्तार किया जाकर सख्त वैधानिक कार्यवाही की गयी है।

### कोतमा जनपद के पंचायतों में अनियमितताओं की बाढ़

# फर्जी बिलों में लाखों का भुगतान, जिम्मेदार बने अंजान




कोतमा।

जनपद पंचायत कोतमा अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों में जिम्मेदार अधिकारियों की सांठ.गांठ से जमकर अनियमितता की जा रही है। ग्रामीणों के शिकायतों के बाद भी सरपंच.सचिवों पर कोई ठोस कार्यवाही होती नहीं दिख रही हैं।

कमीशन के खेल में आंखों में चश्मा

ग्रामीणों की मानें तो गांव में सरकार की संचालित योजनाओं में भ्रष्टाचार किया जा रहा हैं। जिसकी निगरानी करने वाले अधिकारी भी कमीशन के खेल के चलते आंखों पर चश्मा चढ़ाए चुप्पी साधे बैठे हैं।

### विकास कार्य में अनियमितता

ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाले सभी निर्माण कार्यों में भारी अनियमितता बरती जा रही है। जिस में इंजीनियरों की सहभागिता से इनकार नहीं किया जा सकताए कुछ ग्राम पंचायतों में बने सामुदायिक भवनए सीसीए सड़क पुलिया सहित अन्य निर्माण कार्य गुणवत्ताहीन तरीके से कराये जा रहे हैं। जिसकी शिकायत भी कई ग्रामीणों ने जनपद पंचायत के अधिकारियों सहित सीएम हेल्पलाइन में भी की लेकिन कार्रवाई के नाम पर आज तक कुछ भी होता नहीं दिखाई दे रहा हैं।

### कई कार्य कागजों में पूर्ण

क्षेत्रीय लोगों की माने तो विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की सहमति से ग्राम पंचायतों में योजनाओं सहित अन्य कार्यों में जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। आलम ये है कि कमीशन के खेल के चलते शिकायतों पर अधिकारी ध्यान नहीं देते। इतना ही नहीं अधिकारी केवल कागजों में भ्रमण दिखा घर में ही घुसे रहते है। इनके चंगु.मंगू व पंचायतों के इंजीनियरों ग्राम पंचायतों से खुद और इनके नाम से कमीशन वसूला जाता है। वही ज्यादातर काम गुपचुप तरीके से महज कागजों में ही पूरे किए जा रहे है। जिसकी जानकारी ग्रामीणों को नहीं हो पाती हैं।

### अधिकारियों की सांठगांठ

कोतमा जनपद में हो रहे कारनामों पर अधिकारियों की चुप्पी एक बड़ा प्रश्न चिन्ह है एवं इस बात का पुख्ता सबूत है कि यह पूरा खेल उन्ही के संरक्षण में खेला जा रहा है। तभी तो बिना जीएसटी फर्जी बिलो को स्कैन करके ग्राम पंचायतों में कई बिलो से बड़ी.बड़ी राशि का आहरण कर लिया गया है जो पूर्णता नियम के विरुद्ध है। इतनी बड़ी हेराफेरी के बाबजूद जनपद के जिम्मेदार मूकदर्शक बने हुए हैं।

### फर्जी बिलों से भुगतान

जनपद पंचायत कोतमा क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों में फर्जी फर्मों के जरिए भुगतान हो रहे हैं। जानकारी के बाद भी अधिकारी कार्रवाई नहीं कर पा रहे हैं। इन मामलों में वाणिज्यकर विभाग को संज्ञान लेना चाहिए। पंचायतों में फर्जी फर्मों द्वारा किस तरह बिल बनाकर आहरण किया गया। कोतमा जनपद में एक दर्जन से अधिक फर्जी फर्मों के जरिए मात्र जीएसटी नंबर लेकर भुगतान लिए हैं। जिसमें अधिकतर बिलों में रेतए मुरमए पत्थरए गिट्टीए सीमेंट के नाम पर लाखों का आहरण हुआ है। जिसमें सीमेंट को छोड़कर सभी खनिज है। जिस पर सरकार द्वारा रॉयल्टी भी वसूल की जाती है।

### खनिज की रॉयल्टी की भी चोरी

मगर इन बिलों पर खनिज की आपूर्ति दर्शाकर न केवल राशि का आहरण किया बल्कि खनिज की रॉयल्टी की भी चोरी की। जांच इस बात की भी की जा सकती है कि जो बिल लगाए हैं वास्तव में उस सामग्री की खरीदी हुई है अथवा नहीं। वहीं ये भी जानना होगा कि लाखों की दुकानदारी करने वाले संचालकों के पास क्या नंबर एक की पूंजी थी। पहले क्या इनकम टैक्स विभाग में इन्होंने अपनी पूंजी को दशार्या है। इन सभी मुद्दों की जांच की जाए टोकाई खुलासा हो सकते हैं।

### ऐसे हो रहा पूरा फर्जीवाड़ा

इस पूरे फजीर्वाड़े में फर्जी फर्मों का साथ ग्राम पंचायत के सरपंच.सचिवों ने बखूबी दिया है। फर्जी फर्मों के बिलों की बिना जांच.पड़ताल किए ही पंचायत ने राशि भुगतान कर दी। जबकि उस कार्य में इतना सामान कहां लगा हैए इसका ध्यान नहीं दिया है। कई पंचायतों में लाखों के सीमेंटए सरियाए मटेरियलए मिठाईए खादए बीजए ट्रैक्टर कार्यए पौधा वितरण से लेकर हर काम एक ही दुकानदार द्वारा संचलित फर्म से बिल लगाए जा रहे हैं।

### अधिकांश पंचायतों में फर्जी बिल

अस्तित्वहीन फर्मों के बिलों पर भुगतान का मामला कोई एक पंचायत का नहीं हैए कोतमा जनपद के ग्राम पंचायतों में ऐसे फजीर्वाड़े सतत रूप से चल रहे हैंए जिनकी यदि गंभीरता से अधिकारियों द्वारा जांच की जाए तोए पंचायत में किए जा रहे बड़े गबन सामने आ सकते हैं। मामला इलेक्ट्रानिक्स शॉप के बिल या पंचायत में निर्माण कार्यो के नाम पर भी भ्रष्टाचार अपनी चरम पर हैए पंचायतों द्वारा फर्जी बिलों की आड़ में बड़े भुगतान करके अपने घर भरे जा रहे हैंए यह भ्रष्टाचार बड़े स्तर पर नीचे से ऊपर तक मिलीभगत से हो रहा हैए जिसकी जांच समय रहते आवश्यक है।

### भरोसेमंद सप्लायर को ढूंढते हैं सरपंच.सचिव

निर्माण कार्य से पहले सरपंच और सचिव निर्माण सामग्री सप्लाई करने के लिए भरोसेमंद सप्लायर को ढूंढ़ते हैं। जो उनकी सुविधा अनुसार बिल लगाकर दे। उस बिल के आधार पर सप्लायर्स को भुगतान किया जाता है। भुगतान के बाद सरपंचए सचिव राशि वापस ले लेते हैंए क्योंकि कुछ पंचायतों के निर्माण कार्य कागजों में ही पूरे होते है धरातल पर नहीं। इसीलिए हर पंचायत अलग.अलग फर्जी फर्म भी बनाती है।

### नहीं अपनाई जाती प्रक्रिया

किसी भी सप्लायर्स को साम्रगी सप्लाई के लिए लायसेंसए जीएसटी नंबर सहित अन्य प्रक्रिया अपनानी जरूरी हैए उसके बाद ही वह सामग्री की सप्लाई कर सकता हैए लेकिन हर्रई में ऐसे सैंकड़ों सप्लायर्स हैं जो पंचायतों में फर्जी बिलों की आड़ में हर साल लाखों रुपए का कारोबार कर रहे हैं। कारोबार के नाम पर हाथ में उनके कुछ नहीं हैए लेकिन बिल के नाम पर वह लोहाए रेत से लेकर गिट्टीए सीमेंट और ईंट तक के बिल पंचायतों को दे रहे हैं। जो सप्लायर्स पंचायतों को केवल बिल देते हैं वह फर्जी बिल के रूप में कमीशन वसूलते हैं। इधर सप्लायर्स भी फर्जी बिल से शासन को टैक्स का नुकसान कर चपत लगा रहे हैं।



# राष्ट्रीय लोक अदालत में 441 का हुआ निराकरण

### 1ण्60 करोड़ से अधिक की राशि का अवार्ड पारित

अनूपपुर।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार 11 मई को जिला मुख्यालय अनूपपुरए तहसील कोतमा एवं राजेन्द्रग्राम की व्यवहार न्यायालय सहित 14 खण्डपीठों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जहां लंबित 3979 रेफर प्रकरणों को लोक अदालत में 441 प्रकरणोंए प्रीलिटिगेशन के 2973 से 136 प्रकरणों का निराकरण लोक अदालत के माध्यम किया गया। लोक अदालत में कुल राशि 1ए60ए06ए812 अवार्ड पारित किया गया।

राष्ट्रीय लोक अदालत जिला न्यायालय में प्रधान जिला न्यायाधीश रविन्दर सिंह द्वारा दीप प्रज्जवलित कर लोक अदालत का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिला न्यायाधीशध्सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मोनिका आध्याए प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश पंकज जायसवालए द्वितीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश नरेन्द्र पटेलए मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट चैनवती तारामए न्यायिक मजिस्ट्रेट अंजली शाहए न्यायिक मजिस्ट्रेट सुश्री पारूल जैनए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इसरार मंसूरीए अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संतोष सिंह परिहारए जिला विधिक सहायता अधिकारी दिलावर सिंह सहित अधिवक्तागण एवं कर्मचारीगणए लीगल एड डिफेंस काउंसिलए नगरपालिकाए विद्युतए बैंक के अधिकारीगणए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैरालीगल वालेंटियर्स एवं पक्षकारगण उपस्थित रहे।

लोक अदालत न्यायालय अनूपपुर एवं तहसील न्यायालय कोतमा व राजेन्द्रग्राम में सहित 14 खण्डपीठों का गठन किया गया थाए जिसमें राजीनामा योग्य दाण्डिक प्रकरणए चेक अनादरण से संबंधित प्रकरणए बैंक वसूली प्रकरणए मोटर दुर्घटना दावाए वैवाहिक प्रकरणए श्रम विवादए भूमि अधिग्रहणए सिविल प्रकरण एवं बिजली व पानी के बिल से संबंधित प्रकरणों का निराकरण आपसी राजीनामा द्वारा किया गया। जिला मुख्यालयए अनूपपुरए तहसीलय सिविल न्यायालय कोतमा एवं तहसीलय सिविल न्यायालय राजेन्द्रग्राम में लंबित 3979 प्रकरणों को लोक अदालत मे रेफर किया गयाए जिनमे से कुल 441 प्रकरणों का निराकरण हुआ। प्रीलिटिगेशन के 2973 प्रस्तुत प्रकरणों में 136 का निराकरण लोक अदालत के माध्यम से हुआ। जिसमें कुल राशि 1 करोड़ 60 लाख 06 हजार 812 अवार्ड पारित किया गया। लोक अदालत मे आपसी सुलह एवं सामंजस्य के आधार पर आपसी राजीनामा कर पारस्परिक भाईचारा एवं सौहार्द रहा।

# बजाग थाना के मरम्मत कार्य के नाम पर खानापूर्ति कर रहा ठेकेदार



**डिंडौरी।** बजाग में स्थित थाना बजाग का इन दिनों जीर्णोद्धार किया जा रहा है। जिसमें हाउसिंग बोर्ड विभाग के अधिकारियों और ठेकेदार की लापरवाही और मनमानी के चलते घटिया सामग्री से थाना को रंग रोहन करने का प्रयास किया जा रहा है। थाना की बिल्डिंग को दीवारों के प्लास्टर के नाम पर थिगरा पट्टी की जा रही है।

# रेवा स्वास्थ्य कैंप का आयोजन





**डिंडौरी।** कलेक्टर विकास मिश्रा के निर्देशन में रेवा स्वास्थ्य कैंप का आयोजन महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य विभाग और आयुष विभाग के द्वारा किया गया। कलेक्टर ने डैम घाट में आयोजित कैंप में भाग लिया, और लोगों से स्वास्थ्य के सम्बन्ध में चर्चा की। स्वास्थ्य कैंप के माध्यम से जिला प्रशासन की संयुक्त टीमों के द्वारा दूरस्थ क्षेत्रों तक प्रत्येक जनपद पंचायत में कुपोषण के खिलाफ एक अभियान चलाया जा रहा है, जिसके द्वारा स्वास्थ्य के प्रति लोग जागरूक हो रहे हैं।स्वास्थ्य कैंप के तहत जिम्मेवार विभाग कुपोषण को दूर करने में अपनी अपनी मुख्य भूमिका निभाते है, आयुष विभाग के द्वारा बच्चों को पोषण आपूर्ति कराने के लिए सुपोष्टीक चूर्ण प्रदान किया जा रहा है, जिसमें अश्वगंधा, सतावर, शुन्टी, मधुयष्टि को छीरपाक विधि से तैयार कर बनाया जाता है, इस सुपोष्टीक चूर्ण से बच्चों के वजन में वृद्धि साथ ही याददाश्त, शीत, उदर,सर्दी आदि रोगों से बचाव में उपयोगी है। आयुष विभाग कुपोषित बच्चों के लिए झीरबला तेल भी प्रदान करता है जिससे बच्चों की मांसपेशियाँ मजबूत होती है, साथ ही स्वर्णप्राशन से भी कुपोषण दूर करने में मदद मिल रही है। इसके अलावा आयुष विभाग द्वारा वात रोग, उदर रोग, मधुमेह, कास श्वास, एनीमिया, ज्वर, श्वेतप्रदर आदि रोगों लिए भी कैंप के तहत उपचार उपलब्ध कर रहा है।